पुलिस कमिश्नरेट लखनऊ

प्रेस विज्ञप्ति

दिनांक- 08.11.2024

विभिन्न थाना क्षेत्रों से कुल 06 वांछित अभियुक्त गिरफ्तार।

दिनांक- 07/08.11.2024 को-

01-थाना मडियांव में पंजीकृत मु0अ0सं0 74/24 धारा 69/115(2) BNS से सम्बन्धित अभियुक्त रोहित गुप्ता

02-थाना महानगर में पंजीकृत मु0अ0सं0 259/24 धारा 61(2)/318(4)/319(2)/336(3)/388/340(2) BNS से सम्बन्धित अभियुक्त रामप्रकाश वर्मा

03-थाना पीजीआई में पंजीकृत मु0अ0सं0 749/24 धारा 80(2)/85/351(3) BNS व ¾ डीपी एक्ट से सम्बन्धित 02 अभियुक्तों 01- रामपाल 02- शेर सिंह

04-थाना पीजीआई में पंजीकृत मु0अ0सं0 722/24 धारा 309(6)/317(2) BNS से सम्बन्धित 02 अभियुक्तों 01- आशीष शर्मा 02- विजय सोनी गिरफ्तार।

जोन-उत्तरी

थाना गाजीपुर-

दिनांक 07.11.2024 को वादी श्री प्रशान्त कुमार इन्दिरानगर, लखनऊ ने थाना स्थानीय पर लिखित तहरीर दिया जिसमें दिनांक 06.11.2024 को दोपहर में वादी के निवास मे उस वक्त चोरी हुयी जब वादी और वादी की पत्नी दोनों अपने कार्यालय पर गये हुये थे, वादी की बेटी अपने विद्यालय गयी हुयी थी।

जब समय करीब दोपहर 02.30 बजे पर वादी की बेटी विद्यालय से घर वापस आयी तो उसने घर का मुख्य दरवाजा खुला व सामान बिखरा हुआ देखा तो पड़ोसी की सहायता से उसने घर में प्रवेश किया परन्तु वहां बिखरे समान के सिवाय कोई भी नहीं था, उसने तुरन्त वादी व वादी की पत्नी को घटना की सूचना दी, घर आने पर हमने तुरन्त डायल-112 पर सूचना दी जांच करने पर पाया कि घर से कीमती जेवरात, 01 मोबाइल फोन व नगदी चोरी हो गयी है तथ्य अंकित है। **वादी द्वारा प्राप्त तहरीर के आधार पर तत्काल थाना गाजीपुर पर मु0अ0सं0 484/2024 धारा 305/317 बीएनएस बनाम अज्ञात के विरूद्ध पंजीकृत कर साक्ष्य संकलन व सीसीटीवी फुटेज चेक कर आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की जा रही है।**

थाना विकासनगर-

दिनांक 07.11.2024 समय करीब रात्रि 10.15 बजे सूचना मिली कि एक व्यक्ति शादाब कालोनी के पास रहीमनगर विकासनगर रोड के बीच में स्थित पुलिया के नीचे नाले में गिरा पड़ा है।

सूचना मिलते ही तत्काल थाना विकासनगर पुलिस द्वारा मौके पर मौजूद परिजनों व आस-पास के लोगों की मदद व्यक्ति को नाले से निकालकर इलाज के लिए लोहिया अस्पताल भेजा गया जहां पर डाक्टरों ने मृत घोषित कर दिया

प्रथमदृष्टया परिजनों द्वारा जानकारी हुयी कि मृतक प्रकाश पुत्र स्व0 काशीनाथ उम्र करीब 26 वर्ष निवासी पंतनगर खुर्रमनगर थाना इन्दिरानगर, लखनऊ पुलिया पर बैठा था और अचानक पीछे नाले में गिर गया। **उप-निरीक्षक शिव सिंह थाना विकासनगर द्वारा परिजनों की मौजूदगी में पंचायतनामा की कार्यवाही कर शव को पोस्टमार्टम हेतू मोर्चरी में रखवा दिया गया है। अन्य आवश्यक विधिक कार्यवाही की जा रही है।**

<u>जोन-पूर्वी</u>

<u>थाना विभूतिखण्ड-</u>

दिनांक 08.11.2024 को समय करीब 10.41 बजे वार्ड ब्वाय राजनेश कुमार द्वारा डा0 राम मनोहर लोहिया अस्पताल से एक किता डेथ मेमो जिसमें मृतक सुशील निवासी विराजखण्ड गोमतीनगर लखनऊ उम्र करीब 30 वर्ष को दिनांक 08.11.2024 को प्रातः 04.12 बजे घायल अवस्था में घटनास्थाल से बबिता (पत्नी) के द्वारा अस्पताल में लाने व दौराने इलाज दिनांक 08.11.2024 को प्रातः 05.00 बजे मृत्यु हो जाने के सम्बन्ध में प्राप्त हुआ। **इस सूचना पर तत्काल उप-निरीक्षक श्री शुभम त्यागी थाना विभूतिखण्ड, लखनऊ द्वारा मौके पर पहुंच कर परिजनों की मौजूदगी में शव का पंचायतनामा भर शव को पोस्टमार्टम के लिए मोर्चरी में रखवा दिया गया है।**

प्रथमदृष्टया परिजनों से जानकारी हुयी कि मृतक सुशील कुमार पुत्र स्व0 राजाराम निवासी अंधियारी बाग रामलीला मैदान थाना तिवारी पुर जनपद गोरखपुर उम्र करीब 30 वर्ष, जनपद गोरखपुर में बिजली विभाग में काम करते थे तथा इनकी पत्नी बबीता दिलीप कुमार ओझा के मकान 3/189 विराज खंड 3 गोमतीनगर में काम करती थी तथा परिवार सहित रहती थीं। कल दिनांक 7.11.2024 को इनकी बेटी का जन्मदिन के अवसर पर सुशील कुमार उपरोक्त लखनऊ आये हुये थे।

देर रात्रि में समय करीब 3.00 बजे के लगभग सुशील कुमार उपरोक मकान के तृतीय फ्लोर से नीचे गिर गए जिन्हें उनकी पत्नी बबीता व अन्य लोगों द्वारा इलाज हेतु डॉ0 राममनोहर लोहिया अस्पताल ले जाया गया, जहां इलाज के दौरान मृत्यु हो गई। परिवारजन के अनुसार मृतक सुशील कुमार उपरोक काफी समय से डिप्रेशन में चल रहे थे। **अन्य विधिक कार्यवाही की जा रही है।**

<u>थाना गोमतीनगर-</u>

दिनांक 08.11.2024 समय करीब सुबह 10.30 बजे जरिये दूरभाष थाना स्थानीय पर सूचना मिली कि गोमती बैराज पुल के पास नदी में एक अज्ञात पुरूष का शव पड़ा है। **इस सूचना पर उप-निरीक्षक श्री मनोज कुमार सिंह थाना गोमतीनगर द्वारा तत्काल मौके पर पहुंच कर अज्ञात व्यक्ति उम्र करीब 40 वर्ष का शव को स्थानीय लोगों की मदद से बाहर निकाल कर शव का पंचायतनामा कर पोस्टमार्टम हेतु भेज दिया गया है** शव देखने में 2 से 3 दिन पुराना प्रतीत हो रहा है, जिसकी शिनाख्त के प्रयास किये जा रहे है। अन्य विधिक कार्यवाही की जा रही है।